# वार्षिक प्रतिवेदन

2025–26

## वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

शुक्रवार, दिनाँक 20 मार्च, 2026

**मुख्यातिथि :**

## श्री सुभाष ढटवालिया

(MLA Candidate, INC-39 Barsar Constituency)

# राजकीय महाविद्यालय बड़सर

जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

दूरभाष : 01972-292212

# वार्षिक प्रतिवेदन

## (2025–26)

सिद्ध योगी बाबा बालक नाथ जी की तपोस्थली में स्थित राजकीय महाविद्यालय बड़सर के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में आप सभी का मैं हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ।

मैं हमारे बीच पधारे हुए आज के **मुख्यातिथि श्री सुभाष ढटवालिया** जी का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करता हूँ। इसके साथ ही हमारे बीच पधारे हुए प्रशासनिक एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों, मीडिया से आए हुए पत्रकारों का भी स्वागत करता हूँ। इस समारोह में उपस्थित अन्य गण-मान्य अतिथियों का भी मैं हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ।

मैं शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मचारी वर्ग, केन्द्रीय छात्र परिषद, पी.टी.ए., ओ.एस.ए. और सभी विद्यार्थियों का अपनी ओर से हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ। सभी पुरस्कार विजेताओं के लिए यह दिन महत्वपूर्ण व स्मृत्तियों को संजोने का दिन होता है। विभिन्न क्षेत्रों में अव्वल रहे छात्रों को पुरस्कृत किया जाएगा। मैं उन्हें हार्दिक बधाई देता हूँ।

# महाविद्यालय परिचय

दिसम्बर 2006 में इस महाविद्यालय को खोलने की अधिसूचना जारी हुई और शिक्षा सत्र जून 2007 से शुरू हुआ। इस महाविद्यालय ने लगभग 19 वर्षों की गौरवमयी यात्रा में विकास के अनेक शिखर छुए हैं। महाविद्यालय में कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय में विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित विभिन्न पाठ्यक्रम स्नातक कक्षाओं में पढ़ाए जाते हैं। इसके अतिरिक्त बी.सी.ए., बी.बी.ए., पी.जी.डी.सी.ए. जैसे डिग्री/डिप्लोमा कोर्स चल रहे हैं। राजकीय महाविद्यालय बड़सर जनवरी, 2018 से यू.जी.सी. सैक्सन 2 (एफ) से मान्यता प्राप्त है। राजकीय महाविद्यालय बड़सर फरवरी, 2019 में नैक (मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद) से मान्यता प्राप्त है।

# कुल छात्र (2025-26)

सत्र 2025-26 में महाविद्यालय में कुल विद्यार्थियों की संख्या 601 है। जिसका विवरण इस प्रकार है।

| क्र.सं. | कक्षा | लड़के | लड़कियां | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | विज्ञान | 24 | 52 | 76 |
| 2 | कला | 41 | 152 | 193 |
| 3 | वाणिज्य | 34 | 51 | 85 |
| 4 | BCA | 61 | 59 | 120 |
| 5 | BBA | 56 | 63 | 119 |
| 6 | PGDCA | 02 | 06 | 08 |
| 7 | Total | 218 | 383 | 601 |

# आचार्य वर्ग

महाविद्यालय में आचार्यों के 19 पद हैं जिनमें से 12 पद भरे हुए हैं और 07 पद रिक्त चल रहे हैं। प्रो0 राकेश कुमार प्राचार्य ने राजकीय महाविद्यालय बड़सर से पदोन्नत होकर 16 सितम्बर 2025 को शिक्षा निदेशालय (उच्चतर)-शिमला (हि0प्र0) में संयुक्त निदेशक के रूप में कार्यभार संभाला। प्रो0 विक्रम सिंह ठाकुर ने 15 नवम्बर 2025 को राजकीय महाविद्यालय बड़सर के प्राचार्य के रूप में कार्यभार सम्भाला। प्रो0 अंजना कुमारी (सहायक आचार्य) संगीत विभाग (वोकल) का स्थानांतरण 02 सितम्बर, 2025 को S.V.N.P.G. College घुमारवीं के लिए हुआ।

## गैर शिक्षक वर्ग

महाविद्यालय में गैर शिक्षक वर्ग के 30 पद सृजित हैं, जिनमें से 12 पद भरे हुए हैं और 18 पद रिक्त हैं। श्री सुरेश कुमार (अधीक्षक ग्रेड-I) से पदोन्नत होकर एस्टेब्लिशमेंट ऑफिसर के पद पर प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय, बिलासपुर में 31 दिसम्बर 2025 को पदभार ग्रहण किया। श्री विनोद कुमार ने BEEO- बिझड़ी से पदोन्न्त होकर 01 जनवरी 2026 को राजकीय महाविद्यालय बड़सर में (अधीक्षक ग्रेड-I) के रूप में कार्यभार सम्भाला। श्री वेद प्रदीप G.S.S.S. टिप्पर ने L.A. से पदोन्नत होकर 20 सितम्बर 2025 को राजकीय महाविद्यालय बड़सर में J.L.A. के रूप में कार्यभार सम्भाला। श्री मोहिन्दर सिंह G.S.S.S. रैली-जजरी ने L.A. से पदोन्नत होकर 30 सितम्बर 2025 को राजकीय महाविद्यालय बड़सर में कार्यभार सम्भाला। श्री देवेन्द्र कुमार- सहायक पुस्तकाल्याध्यक्ष ने राजकीय महाविद्यालय शिलाई जिला सिरमौर से स्थानांतरित होकर 17 सितम्बर 2025 को राजकीय महाविद्यालय बड़सर में कार्यभार संभाला।

## व्यक्तिगत उपलब्धियाँ

1. डॉ. मनोज डोगरा (सहायक आचार्य) राजनीति शास्त्र ने अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोध-पत्र प्रस्तुत किया तथा अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में एक सत्र की अध्यक्षता की। इन्होंने राष्ट्रीय सम्मेलन में भी अपना शोध-पत्र प्रस्तुत किया।
2. डॉ. ज्योत्सना (सह-आचार्य-भौतिक विभाग) ने प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं (Jauranals) में दो शोध पत्र प्रकाशित किए। इन्होंने अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में दो शोध-पत्र प्रस्तुत किए और एक सत्र की अध्यक्षता की। इन्हें भौतिक विज्ञान में पीएच.डी. की उपाधि से सम्मानित किया गया।
3. प्रो0 अजय कुमार (सहायक आचार्य) जंतु विज्ञान ने जीव विज्ञान विभाग, हि0प्र0 विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'राष्ट्रीय सम्मेलन' में अपना शोध-पत्र प्रस्तुत किया। इन्होंने राजकीय महाविद्यालय रामपुर बुशहर द्वारा आयोजित 'एक सप्ताह के संकाय विकास कार्यक्रम' में हिस्सा लिया।
4. डॉ. धारविन्दर कुमार ने Maharaja Ganga Singh University, बीकानेर (राजस्थान) में आयोजित 3-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस "Sustainable Development and Environmental Conservation" में भाग लिया। इन्होंने New Art Commerce and Science College, पेरनेर, जिला अहिल्यानगर (महाराष्ट्र) में आयोजित "National Conference on Rhythms in interdisciplinary Science (RIS-2025)" में अपना शोध-पत्र प्रस्तुत किया। साथ ही इन्होंने National Institute of Technology Patna में आयोजित 8-दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स "AI for Teaching and Research" में भी भाग लिया।
5. डॉ0 विजय कुमार (सहायक आचार्य) हिन्दी विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में अपना शोध-पत्र प्रस्तुत किया। इन्होंने अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में एक सत्र की अध्यक्षता की।

6. प्रो0 मस्त राम (सहायक आचार्य) वाणिज्य विभाग ने डॉन वॉस्को इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नोलॉजी, नई दिल्ली द्वारा 08–12 जनवरी, 2026 तक आयोजित 'प्रभावी शिक्षण अधिगम के लिए शिक्षकों को एआई टूल और नवीन दृष्टिकोणों से सक्षम बनाना' विषय पर एक सप्ताह के संकाय विकास कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा किया।
7. प्रो0 मनदीप कुमार (सहायक आचार्य) अंग्रेजी विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में अपना शोध-पत्र प्रस्तुत किया।
8. प्रो0 ज्योति शर्मा (सहायक आचार्य) बीसीए/पीजीडीसीए विभाग ने 14 से 19 जुलाई 2025 तक 'अनुसंधान में एआई उपकरणों के उपयोग की खोज' विषय पर आयोजित कार्यशाला में भाग लिया।

## महाविद्यालय क्लब

रेड रिबन क्लब के प्रभारी प्रो. अजय कुमार द्वारा एड्स विषय पर पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, निबंध लेखन तथा भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त एड्स जागरूकता से सम्बन्धित रैली का भी आयोजन करवाया गया। इको क्लब के प्रभारी प्रो0 सुनील पाठक हैं। विभिन्न कार्यक्रमों में प्रथम, द्वितीय स्थान पर रहे छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

डॉ. मस्त राम के नेतृत्व में रोड़ सेफ्टी क्लब के तहत भाषण प्रतियोगिता, सलोगन लेखन, निबंध लेखन, पेंटिंग व रैली का आयोजन किया गया।

## खेल-कूद प्रतियोगिता

महाविद्यालय की वार्षिक खेल–कूद प्रतियोगिता दिनाँक 14 फरवरी, 2026 को आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इन खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे छात्रों को आज पुरस्कृत किया जा रहा है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना

महाविद्यालय में एन.एस.एस. इकाई के प्रभारी डॉ0 विजय ठाकुर हैं। इकाई ने सत्र 2025–26 में निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किये:–

DDMA (District Disaster Management Authority)–हमीरपुर द्वारा आयोजित YUVA AAPDA MITRA SCHEME-2025–26 के तहत 08 NSS Volunters ने 03.12.2025 से 09.12. 2025 तक Career Point University Bhoranj, Distt. Hamirpur में Training में भाग लिया।

दिनाँक 12–02–2026 से 18–02–2026 तक सात दिन का एन.एस.एस. विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर के दौरान पौधारोपण, स्वच्छता अभियान तथा बरोली गांव से तहसील बड़सर तक नशा मुक्ति से सम्बन्धित विशेष जागरूकता रैलियों का आयोजन किया गया।

सत्र के दौरान कुपोषण की समस्या को मिटाने के लिए जागरूकता रैली, स्वच्छता पखवाड़ा, भांग उखाड़ो अभियान, व अन्य विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

## पुस्तकालय

गुणात्मक शिक्षा के उद्देश्य से विद्यार्थियों की सुविधा के लिए पुस्तकालय में विभिन्न विषयों की पुस्तकें उपलब्ध हैं। पुस्तकालय में इस समय 3600 पुस्तकें हैं। पुस्तकालय का कार्यभार श्रीमती अन्जना कुमारी (Asstt. Lib), श्री देवेन्द्र कुमार (Asstt. Lib) तथा श्री विजय ढटवालिया (Asstt. Lib) सम्भाल रहे हैं। पुस्तकालय कमेटी की समन्वयक डॉ. ज्योत्स्ना हैं। विद्यार्थियों की रूचि और प्रतियोगी परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए पुस्तकालय में प्रतिदिन आठ दैनिक समाचार पत्र आते हैं।

## महाविद्यालय पत्रिका

विद्यार्थियों की सृजन शक्ति को विकसित करने एवं उनमें छिपी प्रतिभा को जागृत करने के उद्देश्य से महाविद्यालय की पत्रिका "शतरूपा" का प्रकाशन प्रत्येक सत्र में किया जाता है। इस पत्रिका में कई प्रेरणादायी स्तंभ विद्यामान है। पत्रिका में हिन्दी, अंग्रेजी, पहाड़ी, विज्ञान, वाणिज्य, योजना अनुभाग व कम्प्यूटर अनुभाग में लेख प्रकाशित किए जाते हैं। छात्र सम्पादकों का चयन नियमानुसार किया जाता है। डॉ. मनोज डोगरा पत्रिका के मुख्य सम्पादक हैं।

## सैल्फ फाइनैंस

सैल्फ फाइनैंस के अन्तर्गत महाविद्यालय में बी.सी.ए., बी.बी.ए. और पी.जी.डी.सी.ए. के कोर्स चल रहे हैं। बी.सी.ए. और बी.बी.ए. में 40-40 और पी.जी.डी.सी.ए. में 20 सीटें सृजित हैं। प्रो0 ज्योत्स्ना, बी.सी.ए., एवं पी.जी.डी.सी.ए. और डॉ. अनिल डोगरा, बी.बी.ए. के समन्वयक है। सभी पाठ्यक्रम Higher Education Institute Society Barsar (Regd). द्वारा चलाये जा रहे हैं। श्रीमती ज्योति शर्मा, श्रीमती मधु कुमारी, श्री विश्वास ठाकुर, श्री आकाश शर्मा, सुश्री रीता देवी, श्रीमती श्वेता शर्मा, श्रीमती सोनिया बहुत ही सुचारू रूप से शैक्षिक कार्य का निर्वहन कर रहे हैं।

## केन्द्रीय छात्र परिषद

महाविद्यालय में विश्वविद्यालय के नियमों के अन्तर्गत केन्द्रीय छात्र परिषद का गठन योग्यता के आधार पर किया गया है जिसमें :-

| | | |
|---|---|---|
| अध्यक्ष | आरोही शर्मा | B.Sc-IInd year |
| उपाध्यक्ष | दीपिका कुमारी | BCA-5th Sem. |
| सचिव | खुशबू | B.Com Ist Year |
| संयुक्त सचिव | अंशिता | BA Ist Year |

# कैरियर गाईडेंस एवं काउंसलिंग सेल/औद्योगिक एवं शैक्षणिक भ्रमण रिपोर्ट

महाविद्यालय में विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए कैरियर गाईडैंस एवं कॉउसलिंग सेल का गठन किया गया है। जिसके समन्वयक डॉ. अनिल डोगरा के द्वारा समय-समय पर विद्यार्थियों को रोजगार से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अवगत कराया जाता है। कैरियर गाईडेंस एवं कांउसलिंग सेल छात्रों को बेहतर सम्भव परामर्श और नियुक्ति के लिए प्रयासरत हैं। सत्र 2025-26 के दौरान विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान, औद्योगिक समझ एवं प्रबंधकीय कौशल के विकास हेतु विभिन्न औद्योगिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों का विवरण निम्नानुसार हैं:

**1. औद्योगिक भ्रमण – GNA गियर स्पेयर पार्ट्स फैक्ट्री :** विद्यार्थियों को GNA Gears (गियर स्पेयर पार्ट्स निर्माण इकाई) का शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया।

**2. विद्यार्थियों का करियर उन्मुख भ्रमण :** विद्यार्थियों को GNA University एवं CT University का भ्रमण करवाया गया, जहाँ उन्हें उच्च शिक्षा, तकनीकी प्रयोगशालाओं, प्रशिक्षण केन्द्रों एवं प्लेसमेंट गतिविधियों के संबंध में भी विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई।

**3. बी.बी.ए. (षष्ठम सेमेस्टर) शैक्षणिक भ्रमणः** बी.बी.ए. छठे सेमेस्टर के विद्यार्थियों को जिला ऊना में आपदा प्रबंधन (Disaster Management) से संबंधित जानकारी प्राप्त करने हेतु शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाया गया।

उपरोक्त गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को उद्योग, प्रबंधन, उद्यमिता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व से सम्बन्धित व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ। इन प्रयासों से विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं करियर जागरूकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। करियर गाईडेंस एवं काउंसलिंग सेल भविष्य में भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन करता रहेगा।

# अभिभावक-अध्यापक संघ

शैक्षिक वातावरण एवं विकासात्मक गतिविधियों के लिए अभिभावक-अध्यापक संघ का विशेष योगदान है। इस महाविद्यालय में यह संस्था 2007 से कार्यरत है महाविद्यालय के विकास में इसने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस संघ ने महाविद्यालय की हर गतिविधि में सकारात्मक सहयोग देकर योगदान दिया है। महाविद्यालय इसके लिए संघ के पदाधिकारियों का अभारी है। लोकतान्त्रिक प्रक्रिया के तहत इस सत्र में भी इस संस्था के पदाधिकारियों का चयन किया गया जिसमें:-

| | |
|---|---|
| अध्यक्ष | श्री सुभाष धीमान |
| उपाध्यक्ष | श्री प्रवीण कुमार |
| सचिव | डॉ0 अनिल डोगरा |
| संयुक्त सचिव | श्री रोशन लाल |
| कोषाध्यक्ष | श्री देव दत्त |
| वरिष्ठ मुख्य सलाहकार | श्री अजीत दीवान |
| मुख्य सलाहकार | कैप्टन प्रकाश चन्द भारद्वाज |

## छात्रवृत्तियां

सत्र 2025–26 में भी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं बी.पी.एल. से सम्बन्ध रखने वाले विद्यार्थियों को सरकार द्वारा स्वीकृत धनराशि आबंटित की जा रही है। जिसका विवरण इस प्रकार है।

| | | 2025-26 | | |
|---|---|---|---|---|
| Sr. No. | Name of Scholarship | Boys | Girls | Total |
| 1. | अनुसूचित जाति | 12 | 11 | 23 |
| 2. | अनुसूचित जनजाति | 01 | 01 | 02 |
| 3. | कल्पना चावला छात्रवृत्ति योजना | N.A. | 19 | 19 |
| 4. | इंदिरा गांधी उत्कृष्ट छात्रवृत्ति योजना (हि0प्र0) | NIL | 01 | 01 |
| 5. | PM Yasasvi Post Matric OBC/EBC/DNT | 02 | 07 | 09 |
| 6. | Central Sector Scheme/EBC/OBC | 03 | 06 | 09 |

## पूर्व छात्र संगठन

महाविद्यालय में पूर्व छात्र संगठन का गठन किया है। इसके कुछ छात्रों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत पूर्व अनुभवी छात्र सदस्यों के सहयोग से कुछ रचनात्मक योजनाएं चलाए जाने पर विचार किया जा रहा है। इसका सदस्यता अभियान जारी है। श्री रूबल ठाकुर पूर्व छात्र संगठन के अध्यक्ष हैं। इसमें अभी लगभग 50 छात्र हैं। मैं सभी पूर्व छात्रों से निवेदन करता हूँ कि वे भी इसके सदस्य बनकर महाविद्यालय के विकास में अपना योगदान करें।

## भारती ग्लोबल फाउंडेशन

इस फाउंडेशन की स्थापना श्री अजीत दीवान नारंग द्वारा अपने स्व0 सुपुत्र की स्मृति में की गई है। इस फाउंडेशन के द्वारा महाविद्यालय में साईंस, आर्टस, वाणिज्य, बी.बी.ए, बी.सी.ए. व पी.जी.डी.सी.ए. संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बसु मैमोरियल “विद्याश्री” पुरस्कार दिया जाता है। खेल–कूद में सर्वश्रेष्ठ प्रर्दशन करने वाले विद्यार्थियों को बसु मैमोरियल “क्रीड़ाश्री” पुरस्कार दिया जाता है। कला क्षेत्र में बसु मैमोरियल “कलाश्री” पुरस्कार तथा चहुंमुखी व्यक्तित्व वाले छात्र को बसु मैमोरियल “ध्रुवश्री” पुरस्कार प्रदान किया जाता है। यह फाउंडेशन समय–समय पर महाविद्यालय के अभावों को देखकर अपना सहयोग प्रदान कर रही है। महाविद्यालय प्रशासन इस सहयोग के लिए संस्था का अभारी है।

# भावी विकास अपेक्षाएं

आचार्य वर्ग तथा गैर शिक्षक कर्मचारियों के लिए टॉईप IV सरकारी आवासों का निर्माण करवाना। छात्रों की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए महाविद्यालय परिसर में पुस्तकालय भवन का निर्माण करवाना ।

- वाणिज्य, इतिहास, हिन्दी एवं राजनीति शास्त्र में एक-एक पद सृजित करने की आवश्यकता है।
- आगामी सत्र से महाविद्यालय के सौंदर्यीकरण को बढ़ावा देना ।
- आगामी सत्र में महाविद्यालय की 'NAAC' से सम्बद्धता करवाना ।
- महाविद्यालय में Indoor Auditorium एवं Basketball Court की सुविधा उपलब्ध करवाना।

महाविद्यालय की स्थापना के समय 36 पद स्वीकृत थे जो युक्तिकरण के बाद 19 पद रह गए हैं विद्यार्थियों की समस्या को देखते हुए और पदों की आवश्यकता है। छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए **शारीरिक शिक्षक, समाजशास्त्र, संस्कृत** विषयों के पद सृजित किए जाएं तथा खाली पड़े पदों को अतिशीघ्र भरा जाएं।

# आभार

आज के समारोह के **मुख्य अतिथि श्री सुभाष ढ़टवालिया** जी का हमारे बीच पधारने पर एक बार फिर से दिल की गहराईयों से आभार व्यक्त करता हूँ।

यहां पधारे हुए सभी बंधुओं का मैं धन्यवाद करता हूँ। मैं अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ कि आप सभी ने अपना बहुमूल्य समय कार्यक्रम के लिए निकाला। इसके अलावा महाविद्यालय में शांतिमय और शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने के लिए केन्द्रीय छात्र परिषद तथा विद्यार्थी वर्ग का मैं धन्यवाद करता हूँ।

आचार्य वर्ग तथा गैर शिक्षक कर्मचारियों का भी मैं अभारी हूँ जिन्होंने महाविद्यालय के सुचारू संचालन में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया है। पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी मैं बधाई देता हूँ, जिन्होंने अपनी मेहनत व लग्न से स्वयं को पुरस्कार योग्य बनाया। अन्य विद्यार्थियों को भी ढ़ेर सारी शुभकामनाएं। मैं आशा करता हूँ कि वो भी भविष्य में स्वयं को उच्च से उच्चतर बनाएंगे।

सभी के उज्ज्वल भविष्य की मैं मंगलकामना करता हूँ।

जय हिन्द, जय हिमाचल !

धन्यवाद !

प्रो0 विक्रम सिंह ठाकुर
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय बड़सर,
जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

दिनाँक : 20 मार्च, 2026



Ptd. By : Durga Art Printing Press Garli Road Mehre # 88944-69342, 98163-61773